दिन–शुक्रवार दिनांक– 30 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि अगर महिलाओं की विकास में भागीदारी नहीं होगी तो देश वांछित विकास हासिल नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने आज दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जहां महिलाएं और लड़कियां सुरक्षित महसूस नहीं करतीं वह समाज सभ्य समाज नहीं है। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत एक परिपक्व, परिष्कृत और औपचारिक अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शौचालय युक्त घर, रसोई गैस कनेक्शन और नल से जल कनेक्शन जैसी बुनियादी सुविधाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आज एकल सरलीकृत पेंशन आवेदन–पत्र जारी किया है। केन्द्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली में इसकी शुरूआत करते हुये कहा कि सरलीकृत पेंशन आवेदन पत्र और ई–एचआरएमएस के साथ भविष्य के डिजिटल एकीकरण से पेंशनभोगियों के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के सचिव विवेक जोशी ने कहा कि नौ पेंशन फॉर्म को मिला दिया गया है और एक नया एकल फॉर्म बनाया गया है जो पेंशन प्रक्रिया को सरल बनाएगा। पेंशन विभाग के सचिव वी श्रीनिवास ने कहा कि ई–एचआरएमएस के साथ भविष्य के एकीकरण से पेंशनभोगियों द्वारा पेंशन आवेदन की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा, पेंशनभोगियों को एसएमएस और ईमेल के जरिए स्थिति की जानकारी दी जाएगी।

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी एक सितम्बर से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान के तहत बिहार में एक करोड़ नये सदस्य बनायेगी। राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता तारकिशोर प्रसाद ने बताया कि कटिहार जिले में पांच लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। श्री प्रसाद ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत पूरे देश में सोलह करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है।

———————————————————————————————

भारतीय रिजर्व बैंक – आरबीआई ने अपने नाम के दुरुपयोग से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। आरबीआई ने कहा कि जालसाज विभिन्न हथकंडे अपनाते हैं, जिनमें फर्जी लेटरहेड और ईमेल पते, आरबीआई कर्मचारियों का रूप धारण करना और लॉटरी जीतने, फंड ट्रांसफर, विदेशी प्रेषण तथा सरकारी योजनाओं जैसे काल्पनिक प्रस्तावों के साथ व्यक्तियों को लुभाना शामिल है।

———————————————————————————————

उद्योग विभाग की ओर से कल सभी जिला मुख्यालयों में विभागीय योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण के वितरण के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने बताया कि शिविर में लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए ऋण और अनुदान दिये जाएंगे।

———————————————————————————————

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध करायी गयी है। इंटेलिजेंस ब्यूरो, आईबी की रिपोर्ट के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से उनकी सुरक्षा बढ़ायी गई है।

———————————————————————————————

मॉनसून के कमजोर होने के साथ ही राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–पश्चिम के भागों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा दर्ज की गयी। वर्षा कम होने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की सम्भावना जतायी है।

———————————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र के सुरसर नदी में बालू के अवैध खनन की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर बालू से लदे दो ओवरलोड ट्रैक्टर को जब्त किया है।

———————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण के बगहा अनुमंडल क्षेत्र के अस्सी भूमिहीन परिवारों को अभियान बसेरा के तहत पांच–पांच डिसमिल भूमि का पर्चा वितरित किया गया।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।